जब सलमान ने सोशल मीडिया पर कराए सिर से पैर तक
सोनाक्षी देवी के दर्शन

साल २०१० में फिल्म दबंग से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाली ऐक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा को लोग आज दबंग गर्ल के नाम से जानते हैं। लेकिन आपको पता है कि सोनाक्षी सिन्हा पहली बार जब सोशल मीडिया पर लोगों से मुखातिब हुई थीं तो किस तरह से? इस बारे में खुद सोनाक्षी ने अरबाज खान के शो के दौरान कुछ बातें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि ऐक्टर सलमान खान एक अजीबोगरीब अंदाज में उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इंट्रोड्यूस किया था।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनाक्षी सिन्हा हाल ही में अरबाज खान के एक शो में मौजूद थीं। वहां उन्होंने बताया कि जब वह सलमान खान के साथ अपनी डेब्यू फिल्म दबंग कर रही थीं। उस दौरान सलमान ने उन्हें सोशल मीडिया पर इंट्रोड्यूस करने का सोचा। हालांकि जिस अंदाज में उन्हें लोगों से रूबरू करवाया गया, उसके बारे में उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी।

सोनाक्षी ने हंसते हुए बताया कि सलमान ने उनके माथे और पैर के अंगूठे की फोटो ली और उसके साथ कैप्शन लिखा ये देखिए सोनाक्षी देवी, सर से पैर तक। सोनाक्षी कहती हैं कि सलमान के इस अनोखे स्टाइल से उनका परिचय पहली बार सोशल मीडिया से हुआ। शो के ही दौरान सोनाक्षी से जब यह पूछा गया कि अगर सोशल मीडिया पर उन्हें किसी एक व्यक्ति को फॉलो करने को कहा जाए तो वह किसको चूज करेंगी? इसपर सोनाक्षी ने झट से सलमान खान का नाम लिया।

सोनाक्षी कहती हैं कि भले ही सलमान सोशल मीडिया पर कम ही ऐक्टिव रहते हों लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। इसके पीछे एक रीजन यह भी है कि वह जो कुछ भी शेयर करते हैं वह शानदार होता है। इसका एक कारण यह भी है कि वह कुछ भी कभी भी क्लिक कर लेते हैं, चाहे वह कॉफी मग हो या फिर किसी आंटी की तस्वीर। काफी नैचरल पिक्चर्स होती हैं, जो लोगों को अपने ही आसपास की महसूस होती हैं इसीलिए लोग उन्हें इतना पसंद भी करते हैं। सोनाक्षी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अभिषेक वर्मन की 17अप्रैल को रिलीज होने वाली फिल्म कलंक में नजर आएंगी। इसमें उनके अलावा माधुरी दीक्षित, आलिया भट्ट, संजय दत्त, वरुण धवन और आदित्य रॉय कपूर नजर आएंगे। इसके अलावा 15अगस्त को रिलीज होने वाली अक्षय कुमार की फिल्म मिशन मंगल में भी वह दिखाई देंगी। इस फिल्म में सोनाक्षी के अलावा विद्या बालन और तापसी पन्नू भी हैं।

हाइवे के बाद फिर साथ आएंगे रणदीप और इम्तियाज?

फिल्ममेकर इम्तियाज अली की आने वाली फिल्म में एक बार फिर बॉलिवुड ऐक्टर रणदीप हुड्डा नजर आ सकते हैं। बता दें, यह तीसरा मौका होगा जब दोनों किसी फिल्म में साथ आएंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इम्तियाज की यह नई फिल्म, २००९ में आई उनकी हिट फिल्म लव आज कल का सीक्वल होगा। ऐसी चर्चा है कि इसमें लीड रोल में कार्तिक आर्यन और सारा अली खान होंगे और अब कहा जा रहा है कि फिल्म में रणदीप का भी अहम रोल होगा।

खबरों की मानें तो इस लव स्टोरी में रणदीप का कैरक्टर कुछ वैसा ही होगा, जैसा ऋषि कपूर का लव आज कल में था। इस प्रॉजेक्ट से जुड़े एक सूत्र का कहना है, फिल्म पर काम चल रहा है। कैरक्टर के लिए रणदीप बिलकुल परफेक्ट हैं। उनका कैरक्टर लीड ऐक्टर्स को प्यार पर अपने अनुभवी नजरिए से राय देता है। फिलहाल, इस बारे में इम्तियाज या रणदीप की ओर से कन्फर्मेशन नहीं आया है।

बता दें, इससे पहले रणदीप और इम्तियाज ने एकसाथ हाइवे और कॉकटेल में काम किया था। हाइवे के राइटर और डायरेक्टर इम्तियाज थे, कॉकटेल के राइटर इम्तियाज और उनके भाई साजिद थे।

विकी कौशल और भूमि पेडनेकर की नजदीकियों से खुश नहीं हैं हरलीन?



बॉलिवुड के उभरते हुए कलाकार विकी कौशल इस समय अपनी फिल्म उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक की सफलता को इंजॉय कर रहे हैं। विकी की यह फिल्म इस साल की पहली सुपरहिट फिल्म रही और लोगों ने इसे काफी पसंद किया है। इस फिल्म के बाद अब विकी अपनी दूसरी फिल्मों की शूटिंग में बिजी हो गए हैं।

हालांकि ऐसा लगता है कि विकी की पर्सनल लाइफ में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। विकी ने अपनी पिछली फिल्म मनमर्जियां के प्रमोशन के दौरान यह बात स्वीकार की थी वह हरलीन सेठी के साथ रिलेशनशिप में हैं लेकिन अब लगता है कि उनकी रिलेशनशिप मुश्किलों में पड़ गई है।

पहले कहा जा रहा था कि विकी कौशल की कटरीना कैफ से नजदीकियां इसकी वजह है लेकिन अब कहा जा रहा है कि विकी और भूमि पेडनेकर की बढ़ती दोस्ती से हरलीन सेठी काफी नाराज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि विकी कौशल एक हॉरर फिल्म में काम कर रहे हैं जिसमें भूमि पेडनेकर एक कैमियो रोल कर रही हैं और इसी के सेट पर इनकी नजदीकियां बढ़ी हैं। अब लगता है कि विकी और हरलीन के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है।

बेटे रेहान ने किया रॉक बैंड डेब्यू, पापा रितिक ने यूं जताई खुशी

रितिक रोशन काफी समय से बड़े पर्दे से गायब हैं लेकिन जल्द ही उनके नए प्रॉजेक्ट्स उनके फैंस के सामने होंगे। हालांकि उनका शेड्यूल कितना भी बिजी हो वह और उनकी एक्स-वाइफ सुजैन बच्चों रेहान और रिदान के साथ वक्त बिताना नहीं भूलते। चारों को अक्सर मूवी, लंच-डिनर और आउटिंग्स पर देखा जा सकता है। हाल ही में रितिक एक लाइव रॉक बैंड शो में पहुंचे जिसे उनके बेटे रेहान ने परफॉर्म किया था। रितिक इस दौरान काफी एक्साइटेड थे और बेटे के लाइव डेब्यू परफॉर्मेंस में उनको खूब चियरअप किया। गिटार बजाते हुए रेहान किसी रॉक स्टार से कम नहीं लग रहे थे। रेहान बॉयज बैंड का हिस्सा हैं जिसका नाम है बैंडेड। रितिक ने अपने बेटे और उनके बैंड को चियरअप करने के लिए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीरें भी लगाईं। वर्कफ्रंट पर बात करें तो रितिक रोशन इस वक्त अपनी अपकमिंग फिल्म सुपर ३० पर काम कर रहे हैं। वह टाइगर श्रॉफ के साथ एक ऐक्शन फिल्म पर भी काम कर रहे हैं।